# कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा
## ब्लॉक सी–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इंद्रावती भवन,
## नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
*(Email - highereducation.cg@gmail.com Website - www.highereducation.cg.gov.in)*


नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 29-09-22

कमांक 3263/973/आउशि/सम./2022

प्रति,

1. कुलसचिव,
   समस्त राजकीय/ निजी विश्वविद्यालय छ.ग. ।
2. प्राचार्य,
   समस्त शासकीय/ अशासकीय महाविद्यालय, छ.ग.।
3. सचिव,
   छ.ग. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग
   आफिस काम्लेक्स ब्लॉक–बी ग्राउण्ड फ्लोंर
   सेक्टर–24 नवा रायपुर अटल नगर छ.ग. ।

विषय :– **विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत नवीन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची मे पंजीकरण हेतु विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की बेबसाईट ''वोटर पोर्टल'' https:/ voterportal .eci. gov.in/ की लिंक की सुविधा उपलब्ध कराने विषयक ।**

संदर्भ :– 1. अवर सचिव छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग का पत्र कमांक 3822/आर 3692/ सा/2022 /38–1 दिनांक 24.08.2022

2. निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर का पत्र कमांक डी.आ कमांक निर्वा.नामा/पुन–23/2693 दिनांक 05.08.2022

––––000––––

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित है । कृपया पत्र में दिये गये निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं की गई कार्यवाही से इस कार्यालय को अनिवार्यतः अवगत कराना सुनिश्चित करें ।

**(आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)**

**संलग्न :– उपरोक्तानुसार।**

अपर संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय
नवा रापुर अटल नगर (छ.ग.)

**नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 29 /09/2022**

पृ0कमांक /3264/973/आउशि/सम/2022

प्रतिलिपि :–

अवर सचिव छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय,नवा रायपुर अटल नगर को संदर्भित पत्र के परिप्रेक्ष्य में सूचनार्थ ।

अपर संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

c:\users\acer\desktop\desktop\desktop\27-10-2017\letter note sheet 2020 ( 26-03-2)\letter 05-12-2020.docx1261

दबानन्द
भा.प्र.से.
य निर्वाचन पदाधिकारी एवं
देन सचिव, छत्तीसगढ़ शासन,
विधि एवं विधायी (निर्वाचन) कार्य विभाग

छत्तीसगढ़ शासन

मोबाईल नं. : 7587731888
कार्यालय : 0771-2236685
ई-मेल : ceoraipur.cg@gov.in
पता : कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, इन्द्रावती खण्ड, पुराना मंत्रालय परिसर, शास्त्री चौक, रायपुर (छ.ग.)
पिनकोड : 492001

पंजी क्रमांक 3692/उ.शि./22/18/1
उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय
दिनांक 2/8/22 2020

डी.ओ. क्रमांक : नि/नामा./पुन.-23/2693
रायपुर, दिनांक : 05/08/2022

विषय :– विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत नवीन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की वेबसाईट पर भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट **"वोटर पोर्टल"** https://voterportal.eci.gov.in/ की लिंक की सुविधा उपलब्ध कराने विषयक।

JS(HE) | US(HE)

08 AUG 2022

Dear Bhuvnesh,

विदित होंगे कि भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जिसकी जड़ों को मजबूत करने का कार्य भारतीय मतदाता अपने मताधिकार का गुणात्मक प्रयोग करके करता है।

युवाओं एवं भावी मतदाताओं का निर्वाचकीय प्रक्रिया के प्रति अरूचि एवं मतदान प्रक्रिया से नही जुड़ने की उनकी प्रवृति मुख्य चिंता का विषय है। भारत निर्वाचन आयोग युवाओं एवं भावी मतदाताओं के मध्य व्याप्त उपरोक्त अरूचिपूर्ण व्यवहार एवं प्रवृति को दूर कर उन्हे मतदान प्रक्रिया से जोड़ने की मंशा रखता है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार युवा एवं नये मतदाताओं का मतदाता सूची में शत्–प्रतिशत पंजीयन कराये जाने हेतु विधि विभाग ने भारत निर्वाचन आयोग की अनुशंसा पर पंजीयन की प्रक्रिया में आवश्यक संशोधन करते हुए पूर्व निर्धारित अहर्ता तिथि 01 जनवरी के साथ अन्य अहर्ता तिथियों यथा–01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर भी जोड़कर वर्ष में 04 मौके उपलब्ध कराये हैं।

आयोग के निर्देशों के अनुक्रम में उच्च शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का मतदाता सूची में 100% पंजीकरण हेतु महाविद्यालयों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें 17 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले (17+) छात्र–छात्राएं भी भावी मतदाता के रूप में 18 वर्ष की आयु की प्राप्ति की तिथि से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु अग्रिम आवेदन कर सकते हैं।

उच्च शिक्षा विभाग
सचिव
पत्र आवक क्रमांक 3648
दिनांक 08-8-2022

जैसा की विदित है मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु सभी भावी एवं नवीन मतदाता ऑनलाईन आवेदन वोटर हेल्पलाईन एप्प के माध्यम से स्वयं कर सकते है।

आपके विभाग का सरोकार विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में अध्ययरत देश के 17+ अधिक आयु प्राप्त कर चुके युवा छात्र–छात्राओं एवं नये मतदाताओं से है जिनका मतदाता सूची में नाम ऑनलाईन पंजीकरण कराने हेतु महाविद्यालय स्तर पर कार्ययोजना बनाकर प्रेरक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के संस्था प्रमुखों को कृपया निर्देशित किया जा सकता है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के पंजीकरण के संबंध में किये गये आवश्यक संशोधनों से नवीन मतदाताओं को अवगत कराने हेतु विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों द्वारा संधारित वेबसाईट में मतदाता जागरूकता से युक्त पोस्टर को प्रदर्शित करने साथ ही उस पोस्टर को क्लिक करते ही भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट **"वोटर पोर्टल"** https://voterportal.eci.gov.in/ पर redirect करने की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आपके स्तर से आवश्यक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

"मजबूत लोकतंत्र में सबकी भागीदारी–आपकी भी।

Warm wishes!

(पी. दयानन्द)
मुख्य निर्वाचन
पदाधिकारी,
छत्तीसगढ़ रायपुर

प्रति,

श्री भुवनेश यादव (आईएएस)
सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय,
महानदी भवन, अटल नगर,
नवा रायपुर (छ0ग0)

# उम्र हो गई 18 के पार
## मिला मुझे मत का अधिकार

**यदि आप की उम्र 18 वर्ष हो चुकी है या वर्ष 2023 में होने वाली है तो आज ही अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं।**

- ✓ मतदाता सूची में नाम जुडवाने हेतु नवीन अहर्ता तिथि 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई, 1 अक्टूबर हैं।
- ✓ अब आप सुसंगत तिमाही में अपना नाम पंजीकृत करवाने के लिए प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन की तारीख (09.11.2022) से अग्रिम रूप से भी आवेदन कर सकते हैं।
- ✓ मतदाता पहचान पत्र अहर्ता तिथि के बाद स्वत: जारी किया जाएगा।
- ✓ इसके लिए ऑनलाइन फॉर्म भरें अथवा बूथ लेवल अधिकारी या वोटर सर्विस सेंटर से सहायता लें और जानकारी प्राप्त करें।



www.nvsp.in 1950 download voter help line app